

## नये सामुदायिक भवन निर्माण में अनियमितता, रोक की मांग

**खाचरौद। समीप ग्राम भेसोला में निर्मित हो रहे नवीन सामुदायिक भवन निर्माण में पंचायत सचिव द्वारा जमकर अनियमितता की जा रही है। ग्राम पंचायत के ग्रामीणजन ने बताया कि शासन द्वारा पंचायत भवन हेतु लगभग 20 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।**

जिसका निर्माण कार्य में पंचायत सचिव द्वारा मनमानी की जा रही है उक्त भवन नाले के पास बनाया जा रहा है। जिसके कारण जलभराव की स्थित उत्पन्न होगी व जिसके कारण ग्रामीणजन को उक्त भवन का लाभ बरसात में नहीं मिल सकेगा।वही निर्माण कार्य में भी निर्धारित मापदंड के विपरीत कार्य किया जा है। सरिए भी तय मानक से कम लगाकर घटिया



सीमेंट लगाई गई है वही कालम व पेडी में मुरम के स्थान पर मिट्टी का उपयोग कर शासन को चुना लगाया जा रहा है। वही ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत सचिव गांव में पंचायत में नहीं बैठते हैं व छोटे से छोटे कार्य के लिए भी उन्हें मिलने के लिए खाचरोद बुलाया जाता है। वहां जाने पर ग्रामीणों को मिलने के लिए भटकना पड़ता है। जबकि शासन के निर्देश है कि पंचायत में सचिव ग्रामजन के लिए गांव में ही उपलब्ध हो पर उक्त आदेश की अवेहलना की जा रही है। ग्रामीणों ने कलेक्टर महोदय से सामुदायिक भवन सही स्थान पर निर्माण किए जाने व निर्माणाधीन भवन में किए जा रहे मिट्टी भराव व घटिया निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।



## घोंसला चौपाटी पर करणी सेवा ने किया चक्काजाम

**घट्टिया**। हरदा में करणी सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर को गिरफ्तार करने व करणी सेना कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज करने के विरोध में करणी सेना के क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं द्वारा घोसला चौपाटी पर रविवार शाम चक्काजाम कर दिया। करणी सेना कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए घोंसला चौपाटी पर धरना प्रदर्शन किया गया। चक्काजाम होने से रोड के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। राघवी थाना पुलिस सहित प्रशासन मोके पर पहुंचकर वाहनों को डाइवर्ट मार्ग से गन्तव्य की ओर रवाना किया। वहीं कार्यकर्ताओं को समझाइश दी जा रही है। वरिष्ठ अधिकारी गण भी मौके पर पहुंचे व जाम खुलवाने के प्रयास किए जा रहे है। समाचार लिखे जाने तक चक्काजाम जारी था। करणी सेना कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक हरदा से कोई फैसला नही आता तब तक अनिश्चित चक्काजाम जारी रहेगा।

## सर्वब्राह्मण समाज ने किया प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान



**नागदा जं.**। सर्वब्राह्मण समाज का प्रतिभाशाली छात्रों का सम्मान कार्यक्रम गुरूकुल स्कूल में दोपहर 2 बजे प्रारम्भ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा, विशेष अतिथि ए.एस आई योगिता उपाध्याय, संकुल प्राचाय देवेन्द्र दवे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी गुरूदत्त जोशी ने की। संरक्षक गुलजारीलाल त्रिवेदी, अध्यक्ष आनन्द दीक्षित अतिथियो के साथ मंचासीन थे।

अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। सरस्वती वंदना रेखा उपाध्याय ने की, स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक गुलजारीलाल त्रिवेदी ने दिया। अतिथियों का स्वागत सुरेश उपाध्याय, हेमन्त तिवारी, अरूण पोतदार, एल.एस त्रिपाठी, ओम रावल, सुरेन्द्र मिश्रा, अवधेश पुरोहित, मुरली मनोहर पाराशर ने किया। गुरूकुल स्कूल के संचालक राजेश शर्मा व अर्चना शर्मा को सम्मानित किया गया।

**इन बच्चों का किया सम्मान**- जिन प्रतिभाशाली बच्चो को सम्मानित किया गया उसमें स्पर्श जोशी, नेहल रावल, मृदुल दवे, विधान दवे, कुमकुम रावल, अर्चिता शर्मा, युग रावल, पलक भारद्वाज, यश तिवारी, भूमिका शर्मा, अंशिका शुक्ला, लक्षिता व्यास, स्मिता दुबे, विधि कौशिक, ईशिता शर्मा, दक्ष पंडित, अनन्या तिवारी, गायत्री शर्मा, दीपाली शर्मा, गौरव सारस्वत, डॉ. तितिक्षा पाण्डे, डॉ. कुलदीप राजावत, समाज के गौरव छात्रो को स्मृति चिन्ह देकर व दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया। 27 वर्षो तक शासकीय शिक्षक पद पर रहकर जुगलकिशोर शर्मा ने हाईस्कूल टुटियाखेडी से सेवानिवृत्त हुए जिसके लिए समाज ने उन्हें अभिनंदन पत्र देकर उनका स्वागत किया। अभिनंदन पत्र का वाचन प्रदीप दुबे ने किया।

इस अवसर पर पुरूषोत्तम सारस्वत, मनीष व्यास, रोहित व्यास, पुरूषोत्तम पुरोहित, संजय उपाध्याय, हरहंगी तिवारी, दिनेश पुरोहित, यशवंत दुबे, अरूण शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, रमेशचन्द्र सारस्वत, इंदु पाण्डे, विमला पुरोहित, कविता तिवारी, चंचल पंडित मौजूद रहे। संचालन सीमा सारस्वत ने किया एवं आभार राकेश शर्मा ने माना।

## विक्रम विवि स्नातक व स्नातकोत्तर की परीक्षाओं के परिणाम समय पर घोषित करने वाला मप्र में पहला विश्वविद्यालय बना

### जुलाई माह तक 95 प्रश परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए

**उज्जैन**। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन पूरे प्रदेश में समय पर परीक्षाएं आयोजित कर परीक्षा परिणामों को घोषित करने वाला पहला विश्व विद्यालय बन गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर का यह विक्रम विश्वविद्यालय अकादमिक सत्र के कैलेंडर का समय-सीमा में पालन करने वाला पहला विश्वविद्यालय बन गया है ।

विक्रम विवि उज्जैन के कुलगुरू प्रो अर्पण भारद्वाज द्वारा अक्टूबर 2024 मे पदभार ग्रहण करने पर सबसे पहली प्राथमिकता परीक्षा परिणामों को घोषित करने की रही थी क्योंकि इनके पदभार ग्रहण करने तक पिछले सत्र की परीक्षाओं के परिणाम घोषित नहीं हुए थे। प्रो. भारद्वाज ने गंभीरता से इस पर कार्रवाई की तब जाकर समस्त परिणाम 27 अक्टूबर 2024 को जारी हुए और नवंबर- दिसंबर 24 में हुई परीक्षा के परिणाम जनवरी द्वितीय सप्ताह में घोषित कर दिए तथा मार्च 2025 में प्रारंभ हुई परीक्षाओं का पहला परिणामविवि ने मई 2025 के पहले सप्ताह में ही घोषित करवा दिया। विक्रम विवि उज्जैन प्रदेश का ऐसा पहला विवि बन गया। जिसने नया अकादमिक सत्र शुरू होने से पहले परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। विश्व विद्यालय ने सत्र 2024-25 में आयोजित परीक्षाओ में 13 स्नातक एवं 95 स्नातकोत्तर परीक्षाओ के परिणाम घोषित कर दिए द्य इसी प्रकार सीबीसीएस प्रणाली के लगभग 170 परीक्षाओं में 165 परिणाम के अतिरिक्त सत्र 2024-25 में आयोजित अन्य परीक्षाओ के परिणाम भी विश्वविद्यालय घोषित कर चुका हैं।

विक्रम विवि उज्जैन के कुलगुरू प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि विवि ने परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने वाली कार्यप्रणाली में कसावट लाकर और कार्य व्यवस्था में समन्वय स्थापित करके यह उपलब्धि हासिल की है। विवि ने मई 2025 में आयोजित परीक्षाओं में बीकॉम, बीएचएससी, बीबीए और बीसीए स्नातक के समस्त परिणाम घोषित कर दिए, एमए, एमएससी सहित स्नातकोत्तर के परिणाम घोषित कर दिए। प्रो भारद्वाज ने कहा कि,महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा विश्वविद्यालयों में अनुशासन-समयसीमा में अकादमिक कैलेण्डर का पालन करने के निर्देश को अक्षरश: पालन करने का ध्येय वाक्य बनाकर विश्वविद्यालय ने यह उपलब्धि प्राप्त की। विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलसचिव डॉ अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय ने परीक्षा परिणामों को शीघ्र घोषित किए जाने को लेकर समयबद्ध व्यवस्था को लागू किया और इसमें कोई कोताही न हो,इसका पूरा पालन किया।

## उज्जैन जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन



**उज्जैन। उज्जैन जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष वैभव यादव ने बैडमिंटन के युवा साथियों के साथ कार्यकारिणी का गठन किया।**

संरक्षक प्रवीण वशिष्ठ, उपाध्यक्ष हेमंत गुप्ता, गोपाल बलवानी, दिलीप धनवानी, अनुराग ठक्कर, अश्विन गुप्ता को बनाया गया। वही सह सचिव अथर्व भावसार, विवेक पटेल, दीपक यादव, दिलीप परियानी, करण यादव को बनाया गया। कोषाध्यक्ष अश्विन शर्मा ने बताया कि एसोसिएशन के वरिष्ठ सलाहकार राजेश योहान एवं दिनेश जाटवा को बनाया गया।

सचिन रघुवंशी, कुलमित खालसा, युवराज कुशवाह, सागर सोमन, अजय रोहरा, सत्येंद्र राठौड़, राहुल बासवानी, लकी जैन, ममता पांचाल सदस्य चुने गए।

कार्यक्रम का संचालन सचिव अनुराग शर्मा ने किया एवं आभार व्यक्त करते हुए अध्यक्ष वैभव यादव ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई प्रेषित की।

## आत्मा की शुद्धि के लिए मन में भरा कचरा बाहर करना होगा

**नागदा जं। आत्मशुद्धि चातुर्मास में प्रतिदिन दिव्य प्रवचन की गंगा बह रही है। पूज्य संयतमुनिजी म.सा. ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिनकी आत्मा पवित्र एवं शुद्ध होती है वो भगवान होते है। हर इंसान घर की, तन की, बाहर की सफाई चाहता है। आत्मा की शुद्धि नहीं करना चाहता। हीरा और सोना भी जब खदान में से निकलते है तो वो भी मिट्टी की गंदगी से लिप्त होते है। बाद में गंदगी साफकर तराशकर उन्हें मूल्यवान बनाया जाता है। ऐसे ही मन में भरे राग, द्वेष एवं कषायों को एवं अहंकार, पाप को बाहर निकालना होगा तभी आत्मा की शुद्धि होगी।**

आदित्यमुनिजी ने कहा कि जीवन में कितना भी कमा लो साथ में केवल पुण्यवाणी ही जाती है। हम किसी के नहीं कोई हमारा नहीं, आत्मा अकेली है और अकेला सफर है। जीवन में सम्यक ज्ञान, दर्शन, धारित और तप ये अति आवश्यक है। संसार के कार्यो में उलझने के अलावा भी समता भाव रखना जरूरी है।

धर्म करनी करके समता भावो से ही जीवन को सुहाना सरल बनाया जा सकता है। 48 उपवास रमेश तांतेड, 9 उपवास की लड़ी गुप्त नाम से चल रही है। 5 उपवास शशी गोखरू के चल रहे है। वर्षीतप की तपस्या सुदीक्षा चपलोत, कमलनयन चपलोत, श्वेता चपलोत, सुनिता सखलेचा, रचना चपलोत, प्राची भटेवरा के चल रहे है। ऐकासना वर्षीतप बिंदू कांठेड, हीरामणि ओरा के चल रहे है। संचालन राजेन्द्र कांठेड़ ने किया। चातुर्मास अध्यक्ष आकाश वोरा ने सभी समाजजन से अधिक संख्या में लाभ लेने की अपील की। आभार आशीष वोरा ने माना।

## उपनेता प्रतिपक्ष कुवाल ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**उज्जैन। नगर निगम के सिटीबस कार्यालय में हुए अग्निकांड की रिटायर्ड जज से जांच कराये जाने की मांग को लेकर उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र गब्बर कुवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। कुवाल ने कहा कि 11 जुलाई को सिटीबस कार्यालय में लगी आग दुर्घटना नहीं है।**

सिटीबस में पहले 100 बसों का घपला हुआ था जहां ठेकेदार से ढाई करोड रुपये वसूल किये जाने थे जो नहीं किये गये उस ठेकेदार को ब्लेक लिस्ट किया गया था। अभी पता लगा है कि 100 इलेक्ट्रिक बसें ली जाने वाली है। पुराने ठेकेदार को इन बसों का ठेका देने के लिए ही ब्लेक लिस्ट ठेकेदार के पुराने सभी कागज जल गए होंगे।

राजेंद्र गब्बर कुवाल ने मुख्यमंत्री से कहा कि उज्जैन आपका गृह नगर है इसमें अधिकारियों द्वारा खराब कार्य कर शहर और आपकी छवि को लगातार खराब किया जा रहा है। मुख्यमंत्री का नाम लेकर अधिकारी गलत कार्यों में लिप्त हैं वे कहते हैं उनका कुछ भी नहीं बिगड सकता। राजेंद्र कुवाल के अनुसार पिछले साल 25 सिटी बसें 2500 रुपये महीने में विनायक टूर ट्रेवल को दी गई थीं।

उसके द्वारा आयुक्त के फर्जी हस्ताक्षर कर आर.टी.ओ. से परमिट लेने का प्रकरण मालूम हुआ था। आयुक्त ने थाने में फर्जी हस्ताक्षर की कम्पलेंट कर ठेका समाप्त कर दिया था। उसी ठेकेदार को दोबारा बसें दिये जाने की कार्यवाही आयुक्त द्वारा की जा रही थी। इन सब गड़बडियों को समाप्त करने के लिए सिटीबस कार्यालय में भीषण आग लगाई गई है। इसकी रिटायर्ड जज से जांच कराई जाए।

राजेंद्र कुवाल ने कहा कि इसके पूर्व मेरे द्वारा आयुक्त उज्जैन संभाग और अध्यक्ष नगर पालिक निगम को श्री पाठक के विरुद्ध कार्यवाही हेतु 2 जुलाई 2025 को पत्र दिया गया था। नगर निगम उज्जैन में पदस्थ आयुक्त नगर पालिक निगम आशीष पाठक द्वारा भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं लांघ दी गई हैं।

जिसमें बताया गया था कि ठेकेदारों को भुगतान बिना कमीशन के नहीं किया जा रहा है, अखबार में छपी खबर के अनुसार 25 प्रतिशत तक कमीशन लिया जा रहा है। 130 करोड के टेण्डर 2024 में केवल 07 दिन के बुलाकर एक - दो पसंद के ठेकेदारों को बिना काम्पीटीशन के टेण्डर स्वीकृत किया। 2024-25 में पैनल टेण्डर के नाम पर 4 करोड के लगभग की वाल पेंटिंग का बिल भुगतान किया। पेंटिंग की ही नहीं गई केवल साल बदल दिये गये इसका भुगतान भी कर दिया गया। स्वच्छता के नाम पर करोडों राशि प्रचार प्रसार पर लगा दी जबकि उज्जैन स्वच्छ नहीं हुआ। स्वच्छता ईनाम मिलने के नाम पर गुमराह किया जा रहा है जबकि उज्जैन रेंकिंग में बहुत पिछडा हुआ है। नालों का पानी पवित्र शिप्रा नदी में मिल रहा है, चारों ओर गंदगी का माहौल है यह सभी शहरवासी जानते हैं।

टाटा कंपनी द्वारा खराब काम किया जा रहा है सारी सडकें खोद दी और उन्हें ठीक नहीं कराया लेकिन पाठकजी ने उन टूटी सडकों पर निगम निधि से कार्य कराकर टाटा कंपनी को लाभ पहूंचाया। महिला उपयंत्री के उत्पीडन पर कोई कार्यवाही नहीं की जाकर दोषी अधिकारी का बचाने का कार्य किया। इनके द्वारा पीयूष भार्गव और पीसी यादव की नियम विरुद्ध नियुक्ति की गई है।

**सेमिनार** कैम्प कमांडेंट कर्नल जी .पी . चौधरी ( सेना मेडल ) के नेतृत्व में किया गया

## एनसीसी कौशल से समृद्धि और रोजगार पर हुआ विशेष सेमिनार



**उज्जैन। 10 म.प्र. बटालियन एन.सी.सी. उज्जैन द्वारा आयोजित एन.सी.सी कैम्प में सोशल सर्विस एंड कम्युनिटी डेवलपमेंट एक्टिविटी के अंतर्गत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत एन.सी.सी. कौशल से समृद्धि और रोजगार विषय पर विशेष सेमिनार का आयोजन कैम्प कमांडेंट कर्नल जी.पी. चौधरी ( सेना मेडल ) के नेतृत्व में किया गया।**

इस अवसर पर एमआईटी समूह के सचिव आदित्य वशिष्ठ ने संस्थान में इस प्रकार के रोजगारोन्मुखी आयोजनों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कैडेट्स को अपने कौशल को निखार कर बेहतर भविष्य निर्माण की शुभकामनाएँ दीं। एमआईटी महाविद्यालय उज्जैन में आयोजित सेमिनार का संचालन मेजर डॉ. मोहन निमोले द्वारा किया गया, जिसमें एन.सी.सी. कौशल से समृद्धि और रोजगार विषय की रूपरेखा प्रस्तुत कर एन.सी.सी. कैडेट्स को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कैप्टन डॉ. कनिया मेड़ा द्वारा अपने व्यख्यान में बताया कि एन.सी.सी. युवाओं को केवल सैन्य प्रशिक्षण ही नहीं देता, बल्कि उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए आवश्यक कौशल से लैस करता है। यह कौशल से समृद्धि और रोज़गार का एक सशक्त माध्यम है, जो भारत के विकास और युवाओं के उवल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जबकि करियर एवं रोजगार के अवसरों पर प्रेरक व्याख्यान लैफ्टिनेंट सौरभ मिश्रा द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के अंत में थर्ड ऑफिसर आरती बकोरे द्वारा आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सूबेदार मजेर बलविंदर सिंह, ट्रेनिंग ऑफिसर दलजीत सिंह, बीएचएम अमरजीत सिंह, हवलदार सोहन सिंह एन.सी.सी. के पूर्व कैडेट्स सहित 500 से अधिक कैडेट्स उपस्थित थे।

### एक नजर में

## अध्यापकों के एरियर भुगतान की मांग को लेकर आज देंगे ज्ञापन

**नागदा जं.**। राज्य शिक्षक संघ ब्लॉक नागदा खाचरोद के अध्यक्ष पूरालाल गुजराती ने बताया कि खाचरोद विकासखंड में अध्यापकों का महंगाई भत्ता एवं क्रमोन्नत वेतनमान का एरियर भुगतान कई संकूलो में लंबित है। संगठन के जिला कार्यकारिणी उज्जैन के आह्वान पर प्रत्येक विकासखंड में एरियार भुगतान हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है। उसी कड़ी में खाचरोद विकासखंड के अध्यापकों द्वारा सोमवार को दोपहर 2 :00 बजे विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी को एरियर भुगतान की मांग को लेकर एक ज्ञापन सोपा जाएगा। इस मौके पर अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील जिला अध्यक्ष शेख मोहम्मद हनीफ, करणसिंह गौड़, गोपाल बामनिया, हितेंद्र मालवीय, शंकर लाल शर्मा, हनीफ खान मंसूरी, नानालाल पाटीदार, वाहिद सिद्दीकी, सेवाराम वर्षी, जगदीश उपाध्याय आदि अध्यापक साथियों ने की है।

## जैन सोश्यल ग्रुप द्वारा जीवदया कर धोका का सम्मान



**नागदा जं.**। जैन सोश्यल ग्रुप द्वारा पूर्व रीजन सचिव मुकेश धोका का फेडरेशन में धर्मसभा को-चेयरमैन मनोनित होने पर जीवदया कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गोपाल गौशाला में गायों के लिए स्वामीवात्सल्य का आयोजन करते हुए सम्मान समारोह मनाया गया। सर्वप्रथम ग्रुप सदस्यो ने राधाकृष्ण मंदिर में आरती कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात माला शाल एवं पगडी पहनाकर मुकेश धोका का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जैन सोश्यल ग्रुप के अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंम, सुरेन्द्र कांकरिया, संजय मुरडिया, हितेष कांठेड़, अमित बम, आशीष पोखरना, अंकुर जैन, कुशल भंसाली, दीपक गांग, मनोज गांग, पारस पोखरना, नितिन बुडावनवाला, शैलेन्द्र छोरिया, दिलिप गांधी, मनीष भण्डारी, सचिन सकलेचा, निलेश सोलंकी, जीवन लाल, शरद पोखरना आदि अनेक ग्रुप सदस्य उपस्थित थे।

## वर्षा से फसलों को राहत, किसानों के चेहरे खिले

**घट्टिया**। खरीफ की फसल की बोवनी होने के बाद वर्षा में खेंच के चलते फसले मुरझाने लगी थी कि अचानक शनिवार रात को व रविवार दिन में दो-तीन बार अच्छी वर्षा से जहां फसलों को राहत मिली है वहीं किसानों के चेहरे खिल गए। किसानों ने सोयाबीन सहित अन्य फसलों में खरपतवार व कीटनाशक दवाओं का छिड़काव रविवार को किया। वहीं वर्षा होने से लोगों ने गर्मी से भी राहत महसूस की। तेज बारिश से गटरो में प्लास्टिक जमा होने से पानी सड़क पर वह निकला जिससे मार्ग में कीचड़ हो गया व लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

## लवखेड़ी हनुमान मंदिर पर नि:शुल्क शुगर कैंप 15 को

**घट्टिया**। तहसील मुख्यालय घट्टिया के प्रसिद्ध लवखेड़ी हनुमान मंदिर पर नि:शुल्क शुगर कैम्प 15 जुलाई मंगलवार को प्रात:10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुए संयोजक भगवान सिंह राजपूत ने बताया कि शुगर कैम्प में मरीजों को पान के पत्ते पर दवाई दी जावेगी। शुगर दवाई वितरण का कैम्प धरोला आरोग्य जनकल्याण सेवा समिति (रजि.) के तत्वावधान में तथा श्री जय अम्बे जनसेवा समिति जलवा के सहयोग से आयोजित हो रहा है, जिसमें मालवा अंचल के कई जिलों से शुगर प्रभावित लोग शुगर दवाई का लाभ प्राप्त करेंगे।

## नि:शुल्क समग्र आधार ई-केवाईसी शिविर कल से

**नागदा जं.**। शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रहित एवं समाज हित को समर्पित करते हुए, श्री गुजराती सेन समाज नागदा (कोर कमेटी) के नेतृत्व में 15 दिनो के लिए नि:शुल्क समग्र आधार ई केवाईसी शिविर केंप का शुभारंभ मंगलवार को होने जा रहा है। उक्त शिविर राठौर एमपी ऑनलाइन बैंक ऑफ बड़ौदा के पास महिदपुर रोड नागदा जं. पर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से सभी नागरिक अपना समग्र आधार ई केवायसी करवा सकते है तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते है। समग्र आधार ई केवायसी पूर्णत: नि:शुल्क है। अत: सभी से अनुरोध है कि उक्त शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर समग्र आधार ई केवायसी करवा लेवे।

## महिलाओं तैराकों के लिए चेंजिंग रूम का लोकार्पण

**नागदा जं**। चम्बल रिवर फ्रट जो कि नागदा के मास्टर प्लान में सम्मिलित के निर्माण से पर्यटन एवं वाटर स्पोटर्स गतिविधियों को बढावा मिलेगा यह बात विधायक निधि 4.80 लाख रूपये से चम्बल तट पर निर्मित महिलाओं के चेंजिंग रूम के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर द्वारा कायाकल्प तैराकी संघ द्वारा आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में कहीं। कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों के कर कमलों द्वारा कायाकल्प परिसर में पौधारोपण भी किया गया। कायाकल्प तैराकी संघ के सदस्यों द्वारा पूर्व विधायक का स्वागत किया। अतिथि द्वारा परिसर में पहुंचकर सर्वप्रथम कायाकल्प महादेव एवं बालाजी के दर्शन कर उनकी पुजा, अर्चना की एवं चेंजिंग रूम का लोकार्पण किया तथा नन्हे-नन्हे छोटे तैराको का स्वागत किया। इस अवसर पर बाबुलाल गुर्जर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष राधे जायसवाल, पार्षद विशाल गुर्जर आदि अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम को दिलीपसिंह बघेल, अध्यक्ष योगेश शुक्ला, विजय नाथुरामका, दिलीप कांठेड, पत्रकार कैलाश सनोलिया, मोनिका जैन आदि ने सम्बोधित किया। संचालन विनयराज शर्मा ने किया व आभार श्याम भरावा ने माना।

## श्री महाकालेश्वर की प्रथम सवारी से सांस्कृतिक विरासत मुस्कुराएगी



**उज्जैन**। श्री महाकालेश्वर की सवारी भारतीय सनातन संस्कृति की विरासत के इंद्रधनुषीय रूपों का इतिहास बन गई है। विगत 38 वर्षों से स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास भारतीय सनातन संस्कृति के विभिन्न जनपद, प्रदेशों के राजा महाराजाओं की विरासत को युवा तरुणाई से रूबरू करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन मुस्कुराके मंडली के साथ कर रहे हैं। पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी नवीन नूतन सांस्कृतिक परंपरा की झलक दिखाई देगी। सूरत और अहमदाबाद से आकर्षक वेशभूषाओं को तैयार किया है। वही इस बार महाकालजी की सवारी में भारतीय वैभव का स्वरूप भी पगड़ी एवं वेशभूषाओं के माध्यम से परिलक्षित होगा। शौर्य का सिंदूर, ब्रह्मोस मिसाइल, त्रिशूल पगड़ी, नागराज पगड़ी, तिरंगा पगड़ी, दक्षिण भारतीय शैली की पगड़ी, सद्भावना एवं श्री कृष्ण के मुकुट दर्शनीय होंगे। स्वामी मुस्कुराके मंडली के स्वामी खिलखिलाके मनोहर गुप्ता नायक, स्वामी दिलमिलाके पंडित दिनेश रावल, स्वामी लहराके मोहित गहलोत, पप्पू तलवार भारतीय संस्कृति के पुष्पों को वेशभूषा के माध्यम से श्रद्धालुओं को उत्सव धर्म को प्रदर्शित करेंगे।